हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 6 अप्रैल, 2016/17 चैत्र, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 10

आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना

1350 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर** (**जोगिन्द्रनगर**):

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या जोगिन्द्रनगर में पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत आयुर्वेद विश्वविद्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पदपूर्ति

1351 **श्री राम कुमार** (**दून**):

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के तीनों मण्डलों नालागढ़, अर्की एवं सोलन में कितनी योजनाएं हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ख) इन योजनाओं पर कितने-कितने पम्प ऑप्रेटर, कीमेन तथा सहायक कार्यरत हैं और क्या यह कर्मचारी इन योजनाओं के लिए पर्याप्त हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार नये पद सृजित करने का विचार रखती है ?

मंडियों का हस्तांतरण

1352 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने शिमला स्थित लक्कड़ मण्डी, सब्ज़ी मण्डी व अनाज मण्डी को शहर से बाहर स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इन मण्डियों को कहां-कहां स्थापित किया जायेगा; ब्यौरा दें तथा इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

ट्रक यूनियन पार्किंग

1353 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)यह सत्य है कि कुल्लू में वैष्णो माता मंदिर और देव धाम के मध्य प्रशासन द्वारा ट्रक यूनियन के लिए पार्किंग स्थापित की गई है;

(ख) यदि हां,तो यह कितनी भूमि पर स्थापित है; और

(ग) सरकार ने क्या वन एवं पर्यावरण विभाग से स्वीकृति तथा टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात् इस पार्किंग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है; यदि हां, तो दस्तावेजों की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

कृषकों/बागवानों को उपदान

1354 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा किसानों एवं बागवानों के लिए पावर टिलर, पावर स्प्रे, औजार, स्प्रे ऑयल, बीज, खाद पर उपदान प्रदान किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो उपदान पर दी जाने वाली वस्तुओं की सूची सभा पटल पर रखें;

(ग) गत दो वर्षों में जिला कुल्लू में कितने किसानों/बागवानों ने इस सुविधा का लाभ लिया; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(घ) जिला कुल्लू में इस अवधि में उपदान के कितने मामले लम्बित हैं; सूची सभा पटल पर रखें; और

(ङ.) इस उपदान राशि में प्रदेश और केन्द्र सरकार की किस-किस अनुपात में भागीदारी है; ब्यौरा दें ?

शव-परीक्षा की प्रक्रिया

1355 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की दुर्घटना उपरान्त घायल व्यक्ति को इलाज के लिए प्रदेश से बाहर अन्य अस्पताल या पी0जी0आई चण्डीगढ़ के लिए रैफर किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु पी0जी0आई0 आदि में होती है तो पोस्टमार्टम और मृत शव की रिहाई करने के लिए क्या-क्या औपचारिकताएं करनी पड़ती हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए क्या पग उठाये जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

पंजीकरण की प्रति

1356 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नाभा क्लब सन् 1984 से चल रहा है व पंजीकृत है;

(ख) यदि हां, तो इस क्लब की पंजीकरण की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) इस क्लब का पंजीकरण संख्या 136/1984 है; यदि हां, तो क्या उसे रद्द कर दिया गया है; ब्यौरा दें ?

विश्राम गृह का निर्माण

1357 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में वन विभाग द्वारा कितने नये विश्राम गृहों का निर्माण किया गया है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इस अवधि में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभाग द्वारा कितने नये विश्राम गृहों का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें?

मदोग-घासीगांव उठाऊ पेयजल योजना

1358 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घुण्ड में उठाऊ पेयजल योजना मदोग-घासीगांव स्टेज़-II का कार्य वर्ष 2007 में प्रारम्भ किया गया था जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है; और

(ख) यदि हां तो स्टेज़-II का कार्य जैसे बिजली का ट्रांसफार्मर व लाईन का कार्य कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

उठाऊ पेयजल योजना

1359 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ननाहर की उठाऊ पेयजल योजना काटली से मात्री का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 21 मार्च , 2016 . **सचिव।**